## उलटफेर के बीच ग्रुप दो में शीर्ष पर रहा भारत, सूर्या ने फिर जमाया अर्द्धशतक

# जिम्बाब्वे को हरा भारत सेमीफाइनल में, इंग्लैंड से होगी टक्कर



मेलबर्न (एजेंसी)।

**रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर-12 के अपने आखिरी मुकाबले में जिम्बाब्वे को 71 रनों से धूल चटाई। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-2 की प्वाइंट्स टेबल में 8 अंकों के साथ टॉप किया है। भारत की अब सेमीफाइनल में भिड़ंत जोस बटलर की इंग्लैंड से 10 नवंबर को एडिलेड ओवल में होगी।**

जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक के दम पर बोर्ड पर 186 रन लगाए थे। इस स्कोर के सामने जिम्बाब्वे की पूरी टीम 115 रनों पर ढेर हो गई।

ग्रुप-2 से भारत के अलावा पाकिस्तान ने 6 प्वाइंट्स के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम जहां 10 नवंबर को सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी, वहीं पाकिस्तान का सामना 9 नवंबर को केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड से होगी। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल मैच 13 नवंबर को मेलबर्न में खेला जाना है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के सामने जीत के लिए 187 रनों का लक्ष्य रखा है। भारत के लिए केएल राहुल के बाद सूर्यकुमार यादव ने तूफानी अर्धशतक जड़ा। राहुल ने जहां 35 गेंदों पर 51 रन बनाए, वहीं सूर्या ने 25 गेंदों पर 61 रनों की नाबाद पारी खेली। मिडिल ओवर में राहुल और कोहली का विकेट गिरने के बाद जरूर भारत के रनों की रफ्तार थम गई थी, मगर सूर्या ने आखिरी 5 ओवर में इसकी भरपाई की। भारत ने आखिरी 30 गेंदों पर 79 रन बटोरे जिस वजह से टीम 186 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही।



187 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही, भुवनेश्वर कुमार ने पारी की पहली गेंद पर वेस्ली मधेवेरे को आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। विराट कोहली ने कवर्स की दिशा में वेस्ली मधेवेरे का शानदार कैच पकड़ा। इसके बाद दूसरे ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने रेजिस चकाब्वा को बोल्ड किया। पावरप्ले में जिम्बाब्वे की टीम संभलने की कोशिश कर ही रही थी कि मोहम्मद शमी ने सीन विलियम्स को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा और रयान बर्ल ने 6ठें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी कर जरूर टीम को कुछ देर संभाला मगर इनके विकेट गिरने के बाद जिम्बाब्वे 115 रनों पर ही सिमट गई। अश्विन को इस दौरान सबसे अधिक तीन विकेट मिले, वहीं शमी और हार्दिक के खाते में 2-2 विकेट आईं।

**गावस्कर और सचिन के क्लब में शामिल हुए सूर्यकुमारः** टी20 वर्ल्ड कप 2022 में सूर्यकुमार यादव का बल्ला खूब धमाल मचा रहा है। जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-12 के आखिरी मैच में सूर्या ने 25 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 61 रनों की नाबाद पारी खेली। इस तूफानी पारी के दम पर वह साल 2022 में टी20 क्रिकेट में 1000 रन पूरा करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। जी हां, उनसे पहले कोई भारतीय बल्लेबाज इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाया था।

वहीं बात वर्ल्ड क्रिकेट की करें तो सूर्या एक कैलेंडर ईयर में 1000 टी20 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। पिछले साल पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने सबसे पहले यह कारनामा किया था। इस साल सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भी सूर्यकुमार यादव टॉप पर हैं, उनके पीछे मोहम्मद रिजवान 924 रनों के साथ मौजूद हैं। वहीं इस सूची में तीसरे पायदान पर किंग कोहली 731 रनों के साथ हैं। इस कारनामे के साथ सूर्यकुमार ने अपना नाम क्रिकेट लीजेंड सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर के साथ जोड़ लिया है। टेस्ट क्रिकेट में जहां सुनील गावस्कर ने 1976 में सबसे पहले एक साल में 1000 रन जड़े थे, वहीं वनडे क्रिकेट में 1994 में यह कारनामा सचिन तेंदुलकर ने किया था। साल 2022 में टी20 क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव ने पहली बार भारत के लिए इस मुकाम तक पहुंचकर इस खास सूची में अपनी जगह बना ली है।

### स्कोर बोर्ड

**भारतः** राहुल कै. वेलिंग्टन बो. रज़ा 51, रोहित कै. वेलिंग्टन बो. मुज़ाराबानी 15, कोहली कै. बर्ल बो. विलियम्स 26, सूर्यकुमार (नाबाद) 61, पंत कै. बर्ल बो. विलियम्स 3, हार्दिक कै. मुज़ाराबानी बो. एनगरावा 18, अक्षर (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 12, कुल (20 ओवर में) 5 विकेट पर 186 रन। **विकेट पतनः** 1-27, 2-87, 3-95, 4-101, 5-166 । **गेंदबाज़ीः** एनगरावा 4-1-44-1, चतारा 4-0-34-0, मुज़ाराबानी 4-0-50-1, मसाकाद्ज़ा 2-0--12-0, रायन बर्ल 1-0-14-0 रज़ा 3-0-18-1,विलियम्स 2-0-9-2।

**ज़िम्बाब्वेः** मधेवीरे कै. कोहली बो. भुवनेश्वर 0, एर्विन कै. कॉटन एंड बोल्ड हार्दिक 13, चकाब्वा बो. अर्शदीप 0, विलियम्स कै. भुवनेश्वर बो. शमी 11, रज़ा कै. सूर्यकुमार बो.हार्दिक 34, मुनयोंगा एलबीडब्ल्यू बो. शमी 5, बर्ल बो.अश्विन 35, मसाकाद्ज़ा कै. रोहित बो. अश्विन 1, एनगरावा बो. अश्विन 1, चतारा कॉटन बोल्ड बो. अक्षर 4, मुज़ाराबानी (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 11, **कुल** (17.2 ओवर में) 115 रन। **विकेट पतनः** 1-0 , 2-2, 3-28, 4-31, 5-36, 6-96, 7-104, 8-106, 9-111 **गेंदबाज़ीः** भुवनेश्वर 3-1-11-1, अर्शदीप 2-0-9-1, शमी 2-0-14-2, हार्दिक 3-0-16-2, अश्विन 4-0-22-3, अक्षर 3.2- 0-40-1 ।

## नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हराकर टी20 वर्ल्ड कप से किया बाहर

एडिलेड(एजेंसी)।



टी20 वर्ल्ड कप के 40वें मुकाबले में टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर देखने को मिला। रविवार (छह नवंबर) को अपेक्षाकृत कमजोर मानी जानी वाली टीम नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हरा दिया। उसने 13 रनों से जीत हासिल की। इस हार के बाद अफ्रीकी टीम टूर्नामेंट से ही बाहर हो गई। सुपर-12 के शुरुआती मैचों में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाली टीम अब सेमीफाइनल में दिखाई नहीं देगी।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। नीदरलैंड ने 20 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाए, लेकिन अफ्रीकी टीम इस स्कोर को पार नहीं कर सकी। वह 20 ओवर में आठ विकेट पर 145 रन ही बना सकी। नीदरलैंड को ओपनर स्टीफन मायबर्ग और मैक्स ओडाड ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 51 गेंद पर 58 रन की साझेदारी की। नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर मायबर्ग 37 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एडेन मार्कराम ने रिले रूसो के हाथों कैच कराया। मैक्स ओडाड ने इसके बाद टॉम कूपर के साथ दूसरे विकेट के लिए 25 गेंद पर 39 रन जोड़े। 13वें ओवर की चौथी गेंद पर केशव महाराज ने ओडाड को कगिसो रबाडा के हाथों कैच कराया। ओडाड ने 29 रन बनाए। उनके आउट होने के कुछ देर बाद टॉम कूपर भी 19 गेंद पर 35 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें भी महाराज ने आउट किया।

112 रन पर तीन विकेट गिर जाने के बाद कॉलिन एकरमैन ने एक तरफ से मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने 26 गेंद पर 41 रनों की नाबाद पारी खेली। इस दौरान तीन चौके और दो छक्के लगाए। दूसरे छोर पर बास डी लीड एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने सात गेंद पर नाबाद 12 रन बनाए। अफ्रीकी टीम के लिए केशव महाराज ने दो विकेट लिए। एनरिच नोर्त्जे और एडेन मार्कराम को एक-एक सफलता मिली। दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज इस अहम मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सका। अच्छी शुरुआत के बाद उन्होंने अपने विकेट गंवाए।

## भुवनेश्वर ने तोड़ा बुमराह का वर्ल्ड रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने



**मेलबर्न (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेले जा रहे आखिरी लीग मैच में भुवनेश्वर कुमार ने जसप्रीत बुमराह का वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। भुवनेश्वर कुमार दुनिया के पहले ऐसे गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में 10 मेडन ओवर फेंके हैं। टी20 इंटरनेशनल करियर में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वाले गेंदबाज अब भुवनेश्वर कुमार बन गए हैं। जसप्रीत बुमराह ने 60 मैचों में 9 मेडन ओवर फेंके हैं, वहीं भुवी ने 84वें मैच में 10वां मेडन ओवर फेंका।


भुवनेश्वर कुमार ने इस टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के लिए शानदार गेंदबाजी की है। भुवी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की ओर से पहला ओवर फेंका और इस ओवर में उन्होंने पहली ही गेंद पर विकेट निकाला। इसके बाद उन्होंने इस ओवर में कोई रन नहीं दिया। भारत सेमीफाइनल में पहुंच चुका है और जिम्बाब्वे के खिलाफ मजबूत स्थिति में है। भारत अगर यह मैच जीत जाता है तो सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 10 नवंबर को भिड़ेगा। यह मैच एडिलेड ओवल मैदान पर खेला जाना है। भारत के ग्रुप से पाकिस्तान ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

## बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा पाक सेमीफाइनल में

एडिलेड (एजेंसी)।

पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सुपर-12 के अपने अंतिम मैच में पांच विकेट से हरा दिया। एडिलेड में पाकिस्तान ने 128 रन के लक्ष्य को 18.1 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। पाकिस्तान की इस जीत के हीरो शाहीन अफरीदी रहे। अफरीदी ने चार ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अहम मैच में तीन विकेट चटकाए थे। पाकिस्तान की बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वह लगातार दूसरी बार अंतिम-4 में जगह बनाने में सफल रही है। पिछली बार सेमीफाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया ने हराया था।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 127 रन बनाए। उसके लिए नजमुल हुसैन शान्तो ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाए। आफिफ हुसैन ने नाबाद 24 रन और सौम्य सरकार ने 20 रन बनाए। लिटन दास 10 रन ही बना सके। कप्तान शाकिब अल हसन और नुरुल हसन खाता नहीं खोल सके। नसुम अहमद सात, मोसादेक हुसैन पांच और तस्कीन अहमद एक रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। शादाब खान को दो सफलता मिली। हारिस रऊफ और इफ्तिखार अहमद ने एक-एक विकेट लिए।



पाकिस्तान ने 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मजबूत शुरुआत की। कप्तान बाबर आमज और मोहम्मद रिजवान ने पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। रिजवान ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। उनके अलावा मोहम्मद हारिस ने 31, बाबर आजम ने 25 और शान मसूद ने नाबाद 24 रन बनाए। मोहम्मद नवाज चार और इफ्तिखार अहमद एक रन बनाकर आउट हुए। शान मसूद के साथ शादाब खान नाबाद रहे। उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।

## यौन शोषण के आरोप में गुनातिलका सिडनी में गिरफ्तार



**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी ईस्ट में यौन शोषण के आरोप में श्रीलंकाई बल्लेबाज़ दनुष्का गुनातिलका के ऊपर मुक़दमा दर्ज किया गया है। 29 वर्षीय एक महिला द्वारा रोज़ बे स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर यौन शोषण करने का आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस ने टीम होटल से गुनातिलका को गिरफ़्तार कर लिया। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने अपने बयान में कहा, डेटिंग ऐप पर ऑनलाइन चैटिंग के बाद महिला की पुरुष से मुलाक़ात हुई थी। आरोप है कि पुरुष ने इस बुधवार दो नवंबर को महिला का यौन शोषण किया। जांच के हिस्से के तौर पर बीते दिन रोज़ बे स्थित आवास पर एक क्राइम सीन का भी परीक्षण किया गया। इसके अलावा 31 वर्षीय व्यक्ति को सिडनी में ससेक्स स्ट्रीट पर स्थित होटल से रविवार देर रात एक बजे गिरफ़्तार किया गया।

# व्यापार

### खास खबरें

## नकदी की तंगी से जूझ रहे पाक को चीन और सऊदी 13 अरब डॉलर देंगे, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार ने कहा है कि नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपने पारंपरिक सहयोगी चीन और सऊदी अरब से करीब 13 अरब डॉलर की अतिरिक्त वित्तीय सहायता हासिल की है। डॉन अखबार के अनुसार डार ने कहा कि नई वित्तीय सहायता के तहत पाकिस्तान को चीन से लगभग 9 बिलियन अमरीकी डालर और सऊदी से 4 बिलियन अमरीकी डालर की मदद मिलेगी।

डार ने कहा है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की बीजिंग यात्रा के दौरान चीनी नेतृत्व ने संप्रभु ऋणों में चार बिलियन अमरीकी डालर से अधिक का निवेश करने, 3.3 बिलियन अमरीकी डालर के वाणिज्यिक बैंक ऋणों को फिर से शुरू करने और मुद्रा विनिमय को 30 बिलियन युआन से 40 बिलियन अमरीकी डालर तक बढ़ाने का वादा किया था।

## सरकार अब महीने में एक ही बार आयात-निर्यात का आंकड़ा करेगी जारी

नई दिल्ली

**देश के व्यापार की साफ तस्वीर दिखाने के लिए महीने में सिर्फ एक ही बार आयात एवं निर्यात के मासिक आंकड़ा सरकार जारी करेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इस परंपरा को फिर से अपनाने का फैसला किया है।**




आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि अब महीने में सिर्फ एक ही बार आयात-निर्यात के आंकड़े जारी किए जाएंगे। साथ ही अक्टूबर महीने के लिए ये आंकड़े नवंबर के मध्य तक आ जाएंगे। दरअसल, पिछले कुछ माह से आयात-निर्यात के शुरुआती एवं अंतिम आंकड़ों में काफी अंतर होने से असमंजस की स्थिति पैदा होने लगी थी।

वाणिज्य मंत्रालय के सितंबर महीने के निर्यात के प्रारंभिक एवं अंतिम आंकड़ों में काफी अंतर देखने को मिला था। प्रारंभिक आंकड़ों में सितंबर में उत्पादों का निर्यात 3 ।5 फीसदी घटकर 32 ।62 अरब डॉलर पर आ गया था लेकिन 14 अक्टूबर को जारी अंतिम आंकड़ों में सितंबर में उत्पादों का निर्यात करीब पांच फीसदी बढ़कर 35 ।45 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। उसके पहले अगस्त महीने के निर्यात के आंकड़ों में भी बदलाव दर्ज हुआ था। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अक्टूबर, 2020 में आयात-निर्यात के मासिक आंकड़ों को प्रारंभिक एवं अंतिम आधार पर जारी करने की परंपरा को शुरू किया था। प्रारंभिक आंकड़ा महीने के पहले हफ्ते में जारी किया जाता था, जबकि महीने के मध्य में संशोधित आंकड़ा जारी होता था। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में दोनों ही आंकड़ों में बड़ा फर्क होने से असमंजस की स्थिति बनती दिखी। इसको देखते हुए अब सरकार महीने में सिर्फ एक बार ही पिछले महीने के व्यापार आंकड़े जारी करेगी।

## नकली दवाओं पर लगाम लगाने की सरकार कर रही तैयारी, पैकेट्स पर छपेंगे बार कोड

**नई दिल्ली।** नकली दवाओं के खतरे को रोकने के लिए सरकार दवा कंपनियों के लिए 300 तरह के दवाओं के फॉर्मूलेशन पैकेज पर बार कोड प्रिंट करना अनिवार्य करने जा रही है। दवाओं के पैकेज पर बारकोड अनिवार्य करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि दवाओं के पैकेट्स की स्कैनिंग करने पर विनिर्माण लाइसेंस और बैच नंबर जैसी जानकारी प्राप्त की जा सके। बता दें कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक रूल्स 1945 में संशोधन के बाद तीन सौ तरह के दवाओं के फॉर्म्यूलेशन पैकेज पर बार कोड छापने के नियम अगले साल मई से लागू हो जाएंगे।

## एसबीआई को दूसरी तिमाही में 74 फीसदी और बीओबी को 59 फीसदी का हुआ

नई दिल्ली।

**भारतीय स्टेट बैंक ने सितंबर तिमाही के लिए 13,264 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया है। कंपनी ने इस प्रॉफिट के साथ ही पिछले साल की तुलना में 74 प्रतिशत ज्यादा का मुनाफा हासिल किया है।**

हालांकि ब्रोकरेज फर्मों ने 10,616.2 करोड़ का ही अनुमान लगाया था। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा ने सितंबर को समाप्त तिमाही के लिए 3,313.42 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो एक साल पहले की तुलना में 58.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र के कर्जदात बैंक ऑफ बड़ौदा की शुद्ध ब्याज आय रिपोर्ट की गई तिमाही के लिए 34.5 प्रतिशत बढ़कर 10,714 करोड़ रुपये हो गई। खुदरा कर्ज में 28 प्रतिशत की वृद्धि ने सितंबर तिमाही के लिए आय में बढ़ोतरी की है। हालांकि पर्सनल लोन एक साल पहले की अवधि से दोगुने से अधिक थे।

तिमाही के लिए कॉर्पोरेट ऋण में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 3.41 प्रतिशत का शुद्ध ब्याज मार्जिन दर्ज किया, जो पिछली तिमाही में 3.07 प्रतिशत और एक साल पहले की अवधि में 2.9 प्रतिशत से अधिक था। मार्जिन में सुधार मुख्य रूप से बैंक द्वारा कर्ज दरों में बढ़ोतरी के कारण हुआ।


मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल- 462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017